एक नजर में

महावीर इंटरनेशनल ने जरूरतमंदों को वितरित किए छाते

ग्वालियर 24 अगस्त. वर्षा एवं तेज धूप से बचाव के लिए महावीर इंटरनेशनल ग्वालियर द्वारा जरूरतमंद एवं वंचित लोगों की सहायता हेतु छाता वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत संस्था के सदस्य होटल शारदा, नई सड़क, लश्कर पर एकत्रित हुए। इसके बाद सभी सदस्य विभिन्न स्थानों पर पहुंचे और जगह-जगह जरूरतमंद लोगों को छाते वितरित किए। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने सेवा भावना के साथ लोगों की मदद की। संस्था के ट्रस्टी वीर पारसमल पारख ने बताया कि बारिश के मौसम में जरूरतमंद लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा छाता वितरण का यह सेवा कार्य किया गया। हमारा प्रयास है कि समाज के जरूरतमंद लोगों तक अधिक से अधिक सहायता पहुंचाई जाए और सेवा कार्यों के माध्यम से मानवता का संदेश दिया जाए। उन्होंने कहा कि महावीर इंटरनेशनल द्वारा आगे भी इसी प्रकार के जनसेवा एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में वीर राकेश शिवहरे (अध्यक्ष), वीर अरुण चौड़िया (कार्यक्रम संयोजक) एवं वीर अमित शिवहरे (सचिव), संदीप सुराना सहित संस्था के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों में सेवा कार्य को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

विज्ञान के क्षेत्र में सबसे बड़ी प्रतियोगिता बाल विज्ञान कांग्रेस

ग्वालियर 24 अगस्त. भारत सरकार की राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार मंत्रालय द्वारा 32 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के आयोजन के लिए ग्वालियर जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय की स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं जिनकी आयु 10 से 17 वर्ष तक वह सभी प्रतिभागी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। स्थानीय समस्याओं पर शोध विषय पर आधारित जूनियर वर्ग की आयु 10 से 14 वर्ष की एवं सीनियर वर्ग की आयु 14 से ऊपर 17 वर्ष तक के छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए जिला ग्वालियर के ज्यादा से ज्यादा स्कूलों के विद्यार्थियों का प्राचार्य एवं विज्ञान शिक्षकों के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करवाना हैं। यह आयोजन जिला स्तर राज्य स्तर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाता है और जिला स्तर पर चयनित श्रेष्ठ परियोजनाओं को राज्य स्तर पर चयन होता है। इस वर्ष की मुख्य विषय सतत् एवं विज्ञान पर नवाचार जिस पर छात्र-छात्राएं शोध अपना प्रोजेक्ट तैयार कर सकते हैं सतत संपर्क के लिए जिला समन्वयक शिक्षक नीति रवि शर्मा .और जिला कोऑर्डिनेटर कौस्तुभ खोत को संपर्क कर सकते हैं राष्ट्रीय बाल विज्ञान बाल कांग्रेस के ऑनलाइन आवेदन की तिथि 31 अगस्त 2026 तक पंजीयन कर सकते हैं पंजीयन में ग्रुप लीडर अपना शोध प्रस्तुत करते हैं ग्रुप में एक ग्रुप लीडर को चुना जाना आवश्यक है !

जेयू में डेढ़ घंटे कलम बंद रखकर नारेबाजी, कर्मचारियों का आंदोलन शुरू

ग्वालियर 24 अगस्त. जीवाजी विश्वविद्यालय में हाईकोर्ट के आदेश के तहत 19 स्थायी कर्मचारियों के नियमितीकरण, सातवां वेतनमान लागू करने और पूर्व में सौंपे गए 24 सूत्रीय मांगों के ज्ञापन पर अमल की मांग को लेकर तीन कर्मचारी संघों ने चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है। आंदोलन के पहले दिन सोमवार को कर्मचारियों ने सुबह 10 से 11.30 बजे तक प्रशासनिक भवन के बाहर नारेबाजी की। इस दौरान कर्मचारियों ने डेढ़ घंटे तक कलम बंद रखी। इसके चलते विश्वविद्यालय का कामकाज भी प्रभावित रहा। प्रदर्शन समाप्त होने के बाद कर्मचारियों ने नियमित काम शुरू किया। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष यतेंद्र शर्मा, चिरौंजी लाल बरेला और प्रमोद कटारे ने संयुक्त रूप से बताया कि आंदोलन के अगले चरण में मंगलवार को भी सुबह 10 से 11.30 बजे तक नारेबाजी की जाएगी। इसके साथ राष्ट्रगान भी होगा। आंदोलन में विश्वविद्यालय के तीनों कर्मचारी संघों के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य और कर्मचारी शामिल हुए।

पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा, मनाया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

ग्वालियर। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मुरार में 'द मिल्की वे एक्सीलेंस एस्ट्रोनॉमर्स क्लब' के तत्वावधान में 'तृतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान व अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति रुचि बढ़ाना और भारत की अंतरिक्ष सफलताओं का जश्न मनाना था। इस अवसर पर इसरो द्वारा प्रायोजित शपथ ग्रहण समारोह और भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रबुद्ध गर्ग ने कहा कि 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग के ऐतिहासिक अवसर को चिन्हित करने के लिए यह दिन मनाया जाता है, जो हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। खगोल क्लब कोऑर्डिनेटर डॉ. दीप्ति गौड़ ने बताया कि वर्ष 2026 की थीम 'विकसित भारत की ओर - नवाचार, सहयोग और वैश्विक अंतरिक्ष नेतृत्व की आकांक्षा' पर आधारित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों ने चंद्रयान-4, आदित्य एल-1 और मंगलयान जैसे विषयों पर आकर्षक पोस्टर व स्लोगन बनाए। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता रेखा मुले, अवधेश पांडेय, डॉ. उमेश पाठक, डी. पी. एस. बघेल, सुरेश कदम, सुनील श्रीवास्तव, नवीन भटनागर, नरेंद्र भार्गव, अभिषेक माहौर सहित समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। यह रहे विजेता सीनियर ग्रुप (कक्षा 11-12): ओशिका साहू (प्रथम), गंगा राजे (द्वितीय), किरन सागर व कृष्णकली (तृतीय)। प्रोत्साहन: राधिका यादव। जूनियर ग्रुप (कक्षा 9-10): बालकिशन कुशवाह व सृष्टि शर्मा (प्रथम), वंश दुबे व सोनम शर्मा (द्वितीय), तनिष्का कुशवाह व कीर्ति प्रजापति (तृतीय)। प्रोत्साहन: प्रतीक निमेष, सोमनाथ अवस्थी, राधिका शर्मा एवं धीरज। निर्णायक मंडल में आर. पी. सिंह, के. के. शर्मा, पल्लव सक्सेना और पूनम कुमारी शामिल रहे। विजेता विद्यार्थियों को आगामी समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

बिलौआ चैक पोस्ट का औचक निरीक्षण

खनिज पदार्थों के अवैध परिवहन पर कलेक्टर की कड़ी नजर, चैक पोस्टों पर 24 घंटे निगरानी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 24 अगस्त। जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सघन निगरानी की जा रही है। इसके तहत जिले के विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर चैक पोस्ट स्थापित कर खनिज पदार्थों के परिवहन पर 24 घंटे नजर रखी जा रही है।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने सोमवार को बिलौआ स्थित चैक पोस्ट का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं एवं निगरानी व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने चैक पोस्ट पर आने-जाने वाले लोडिंग वाहनों की जांच की कार्यप्रणाली जानी। साथ ही वाहनों की जांच एवं आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने संबंधित अधिकारियों को आगाह किया है कि जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई के लिए निगरानी एवं जांच की कार्यवाही लगातार जारी रखी जाए। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

कलेक्टर ने जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों सहित जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं खनिज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे चैक पोस्टों का नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण करें। साथ ही अवैध खनिज गतिविधियां सामने आने पर सख्त और प्रभावी कार्रवाई करें।

संदिग्ध बांग्लादेशियों को लेकर बॉर्डर रवाना हुई क्राइम ब्रांच

ग्वालियर। शहर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत ग्वालियर क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने शहर के अलग-अलग इलाकों से एक दर्जन से अधिक संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया था। पूछताछ और दस्तावेजों के सत्यापन के बाद अब पुलिस की विशेष टीम उन्हें लेकर बांग्लादेश बॉर्डर के लिए रवाना हो गई है, जहां कानूनी प्रक्रिया के तहत डिपोर्टेशन की कार्रवाई की जाएगी। जांच में सामने आया कि पकड़े गए सभी संदेही लंबे समय से शहर के विभिन्न इलाकों में झुग्गी-झोपड़ियां बनाकर पहचान छिपाकर रह रहे थे। क्राइम ब्रांच को खुफिया जानकारी मिली थी कि कुछ संवेदनशील इलाकों में बिना वैध दस्तावेज के बाहरी लोग निवास कर रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद 3-4 अगस्त की रात पुलिस ने विशेष रणनीति के तहत चिन्हित ठिकानों पर दबिश देकर उन्हें हिरासत में लिया था।

त्योहारों में अलर्ट मोड पर रहेंगे अस्पताल और 108 एम्बुलेंस

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 24 अगस्त। जिले में आगामी त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। कलेक्टर रुचिका सिंह चौहान के निर्देश पर सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं और 108 एम्बुलेंस सेवा को अलर्ट मोड पर रहने के आदेश जारी किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम.एस. सागर ने बताया कि 26 अगस्त को मिलाद-उन-नबी, 04 सितंबर को जन्माष्टमी और 25 सितंबर को गणपति विसर्जन के दौरान जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाएं अलर्ट पर रहेंगी। इन दिनों प्रमुख स्थानों और संवेदनशील क्षेत्रों में 108 एम्बुलेंस की तैनाती की जाएगी, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति में तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके। इसी क्रम में 28 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व पर भी सभी 108 एम्बुलेंस को अलर्ट मोड पर रखा जाएगा। इसके अगले दिन 29 अगस्त को हजीरा स्थित मनोरंजनालय में आयोजित होने वाले भुजरिया मेले में भी एक 108 एम्बुलेंस मौके पर तैनात रहेगी। मेले के दौरान सिविल अस्पताल हजीरा और बिरला नगर अस्पताल को भी विशेष रूप से अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं।स्वास्थ्य विभाग ने सभी संस्था प्रभारियों को निर्देशित किया है कि स्टाफ, दवाइयां और आपातकालीन संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें।

पुलिस ने सड़कों पर किया पैदल भ्रमण

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 24 अगस्त। त्योहारों के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस ने शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया।

पुलिस अधिकारियों और थाना बल द्वारा प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण किया गया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई और आम लोगों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया गया। पुलिस टीम ने दुकानदारों को समझाइश दी कि वे अपने वाहन दुकान के सामने सड़क पर खड़े कर यातायात बाधित न करें और सड़क पर सामान न रखें। यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए गए। त्योहारों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। भीड़ वाले इलाकों में लगातार गश्त और चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय पर कार्यवाही की जा सके और त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सकें।

युवाओं के लिए स्वरोजगार का अवसर

ग्वालियर, 24 अगस्त । अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं एवं इच्छुक उद्यमियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से शासन द्वारा संचालित डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना एवं संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत वर्ष 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक पात्र आवेदक एमपी ऑनलाइन के पोर्टल samast.mponline.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले में डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना के तहत 173 तथा संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत 69 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

जैन मिलन महिला थाटीपुर शाखा ने मनाया हरियाली तीज महोत्सव

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 24 अगस्त. जैन मिलन महिला थाटीपुर शाखा द्वारा हरियाली तीज के पावन अवसर पर भव्य एवं मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी वीरांगनाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मस्ती, धमाल एवं मनोरंजन का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अति वीरांगना शीला जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहीं। अतिविशिष्ट अतिथि संयुक्त राष्ट्रीय मंत्री वीरांगना अनिता जी तथा विशिष्ट अतिथि वीरांगना अनिता जैन, क्षेत्रीय संयोजक रहीं। अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम को सफल एवं व्यवस्थित बनाने में जैन मिलन महिला थाटीपुर शाखा की अध्यक्ष वीरांगना साधना जैन, सचिव वीरांगना शिल्पी जैन एवं कोषाध्यक्ष वीरांगना उमा जैन का विशेष योगदान रहा। तीनों पदाधिकारियों ने पूरे कार्यक्रम का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करते हुए आयोजन को यादगार बनाया। कार्यक्रम में हाउजी एवं अनेकानेक मनोरंजक गेम्स का आयोजन किया गया, जिन्हें शाखा की पूर्व अध्यक्ष वीरांगना रंजना जैन एवं वीरांगना सारिका जैन ने अत्यंत रोचक एवं मनोरंजक ढंग से करवाया। कार्यक्रम का मंच संचालन वीरांगना रश्मि जैन जी द्वारा किया गया, जिन्होंने अपनी प्रभावी प्रस्तुति से पूरे आयोजन को जीवंत बनाए रखा। हरियाली तीज के विशेष आकर्षण के रूप में 'हरियाली क्वीन' का चयन किया गया, जिसमें वीरांगना सरिता जैन को हरियाली क्वीन चुना गया।

नगर भ्रमण पर निकले बाबा महाकाल, लगे बम बम भोले के जयकारे

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 24 अगस्त। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को शिव भक्त मंडल, सुदामा पुरी मुरार के तत्वावधान में बाबा महाकाल की सवारी नगर भ्रमण पर निकली, इस दौरान बाबा की पालकी का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भक्त बाबा के जयकारे लगाते हुये चल रहे थे, वहीं पालकी यात्रा के मार्ग में भजन चल रहे थे।

बाबा महाकाल की पालकी यात्रा शिव मंदिर, सुदामापुरी मुरार से प्रारंभ हुई इसके बाद यह यात्रा सिंहपुर रोड, बारादरी चौराहा, सदर बाजार, अग्रसेन चौराहा, बजाज खाना, होते हुये पुन: शिव मंदिर में पालकी यात्रा का समापन हुआ। यात्रा के दौरान सैकड़ों महिलायें एवं पुरुष चल रहे थे। इसके साथ ही लोगों ने अपने प्रतिष्ठानों के सामने से निकल रही शोभायात्रा की आरती उतार कर एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

नगर भ्रमण यात्रा के दौरान बाबा महाकाल की पालकी को भक्त अपने कंधे पर लेकर चल रहे थे। यात्रा के दौरान बाबा महाकाल के भूत प्रेत, अघोरी बाबा आदि के रूप में चल रहे थे, जगह जगह भक्तों ने गुलाल भी उड़ाया। भक्त भजनों पर नृत्य करते हुये चल रहे थे।

यात्रा में शिव भक्त मंडल के धर्मेन्द्र राणा पूर्व पार्षद, कुलदीप कांकर, अजय राणा, अनिल चतुर्वेदी, सौरभ पांडे, लवलेश शर्मा, चच्चू दंडोतिया, पंकज पाठक एवं तमाम महिलायें पुरुष श्रृद्धालु शामिल रहे।



आईटीएम में 'फार्मास्युटिकल शिक्षा और कॅरियर में लैंगिक समानता' विषय पर एक्सपर्ट टॉक

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 24 अगस्त. आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में स्कूल ऑफ फार्मेसी द्वारा 'फार्मास्युटिकल शिक्षा और कॅरियर में लैंगिक समानता' विषय पर एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। संस्थान के मधुलिमये सभागार में आयोजित एक्सपर्ट टॉक में डीआरडीओ, डीआरडीई ग्वालियर के संयुक्त निदेशक डॉ. नीति जैन बतौर एक्सपर्ट शामिल हुईं। इस अवसर पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय, कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग से एसोसिएट प्रोफेसर और महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. गीतांजलि सुरंगे, स्कूल ऑफ फार्मेसी के एसोसिएट डीन डॉ. अवनीश त्रिपाठी, एचओडी नेम कुमार जैन, कॉर्डिनेटर असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ. नमृता मिश्रा, असस्टिंट प्रोफेसर निशा वर्मा सहित विभागाध्यक्ष, डीन, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

डीआरडीओ, डीआरडीई ग्वालियर की संयुक्त निदेशक डॉ. नीति जैन ने फार्मास्युटिकल उद्योग में लैंगिक समानता की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर फार्मास्युटिकल क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी है, लेकिन उच्च नेतृत्व के क्षेत्र में विद्यमान लैंगिक अंतर को दर्शाती है। उन्होंने समान अवसर, निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया, समान वेतन, मार्गदर्शन एवं मेंटरिंग, नेतृत्व प्रशिक्षण और महिलाओं के अनुकूल कार्यस्थल नीतियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय ने स्वतंत्र चयन एवं लैंगिक समानता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी लैंगिक भेदभाव के अपने व्यक्तिगत निर्णय लेने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। पुरुष एवं महिला दोनों को अपनी रुचि, क्षमता और योग्यता के आधार पर शिक्षा, कॅरियर, जीवनशैली तथा उपलब्ध अवसरों का चयन करने का समान अधिकार होना चाहिए। स्वतंत्र चयन का सम्मान व्यक्ति की गरिमा, आत्मविश्वास और समानता को बढ़ावा देता है और सामाजिक एवं आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गीतांजलि सुरंगे ने समानता एवं समता, न्यायसंगत समानता के बीच अंतर को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि समानता का अर्थ है कि सभी व्यक्तियों को लिंग के आधार पर भेदभाव किए बिना समान अधिकार, अवसर एवं संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। वहीं समता का अर्थ है कि प्रत्येक व्यक्ति की आवश्यकताओं, परिस्थितियों और मौजूद बाधाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सहयोग एवं संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि सभी को निष्पक्ष रूप से आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने का अवसर मिल सके।

वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी

ग्वालियर । संत रविदास स्वरोजगार योजना के अंतर्गत उद्योग इकाइयों के लिए 1 लाख रुपये से 50 लाख रुपये तक तथा सेवा एवं खुदरा व्यवसाय के लिए 1 लाख रुपये से 25 लाख रुपये तक की परियोजनाओं को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना के लिए आवेदक का अनुसूचित जाति वर्ग का एवं ग्वालियर जिले का मूल निवासी होना आवश्यक है।

नगर पालिक निगम, ग्वालियर

दिनांक 24/08/2026

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://gmc.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

क्र.	टेण्डर क्र.	कार्य का नाम	लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1.	2026_UAD_530548_1	वार्ड 55 सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य तपोवन रोड की विभिन्न गलियों में (मौ.नि.)	12,53,495/-	2000/- 9401/-	18.09.2026
2.	2026_UAD_530546_1	वार्ड 55 सी.सी. रोड निर्माण कार्य आमखो पानी की टंकी बाउण्ड्रीवाल किनारे (मौ.नि.)	12,47,238/-	2000/- 9354/-	18.09.2026
3.	2026_UAD_530533_1	वार्ड 55 सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य लियाकत चाचा के घर के सामने वाली गली एवं चौक में (मौ.नि.)	12,59,217/-	2000/- - 9444/	18.09.2026
4.	2026_UAD_531136_1	वार्ड 55 सामुदायिक भवन निर्माण अवाड़पुरा पार्क	12,29,956/-	2000/- - 9225/	21.09.2026
5.	2026_UAD_531143_1	वार्ड 55 सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य सुखदेव भादौरिया वाली गली आमखो (मौ.नि.)	12,27,035/-	2000/- 9203/-	21.09.2026
6.	2026_UAD_531151_1	वार्ड 55 सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य मीट मार्केट की की विभिन्न गलियों में (मौ.नि.)	12,46,527/-	2000/- 9349/-	21.09.2026

नोट: निविदा संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://gmc.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री
नगर निगम ग्वालियर

R.o.क्र.585 दि.24/08/26